भारत सरकार / Government of India
अंतरिक्ष विभाग / Department of Space
भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन / Indian Space Research Organisation
**विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र / VIKRAM SARABHAI SPACE CENTRE**
तिरुवनंतपुरम / Thiruvananthapuram - 695 022

**विज्ञापन सं. वीएसएससी-330 दिनांक 20.04.2024 / ADVERTISEMENT NO. VSSC-330 DATED 20.04.2024**
**निम्नलिखित पदों के लिए ऑन-लाइन आवेदन आमंत्रित करता है / INVITES APPLICATION FOR THE FOLLOWING POSITIONS**

| पद सं. Position No | पद का नाम Name of Position | रिक्तियों की सं. No. of vacancies | वेतन स्तर / पारिश्रमिक Pay Level / Remuneration | पद हेतु अनिवार्य योग्यताएं Essential qualifications for the post | कार्य की प्रकृति Nature of job |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | शोध वैज्ञानिक (3 वर्ष की अवधि के लिए पूर्णतया संविदागत आधार पर) Research Scientist (Purely on Contract Basis for a period of 3 years) | 02 | स्तर/Level 10 (रु./Rs.56,100/- उसके साथ लागू होते अनुसार भत्ते/plus allowances as applicable) | कुल न्यूनतम 65% अंकों (सभी सैमेस्टरों का औसत) या 10 स्केल पर न्यूनतम 6.84 सीजीपीए/सीपीआइ ग्रेडिंग या समकक्ष के साथ मौसमविज्ञान / वायुमंडलीय विज्ञान में एम.एससी की उपाधि M.Sc. degree in Meteorology / Atmospheric Science with an aggregate minimum of 65% marks (average of all semesters) or CGPA/CPI grading of a minimum of 6.84 on a 10 scale or equivalent. | राउंड द क्लॉक डॉप्लर मौसम रेडार (डीडब्ल्यूआर) शेड्यूलर विधा प्रचालन के आधार पर डेटा उत्पाद तैयार करना, रेडार के अंशांकन एवं अनुरक्षण में डेटा वैधीकरण तथा समर्थन Data Product generation based on round the clock Doppler Weather Radar (DWR) scheduler mode operation, Data Validation and support in calibration and maintenance of Radar. (Round the clock operation) |
| 02 | परियोजना सहयोगी-I Project Associate-I | 01 | रु./Rs. 31,000/- + एचआरए/HRA प्रतिमाह/per month (समेकित/ consolidated) | कुल न्यूनतम 65% अंकों (सभी सैमेस्टरों का औसत) या 10 स्केल पर न्यूनतम 6.84 सीजीपीए/सीपीआइ ग्रेडिंग या समकक्ष के साथ भौतिकी / वायुमंडलीय विज्ञान / मौसमविज्ञान में एम.एससी की उपाधि M.Sc degree in Physics / Atmospheric Science / Meteorology with an aggregate minimum of 65% marks (average of all semesters) or CGPA / CPI grading of a minimum of 6.84 on a 10 scale or equivalent. | अंतरिक्ष भौतिकी प्रयोगशाला (एसपीएल) में नेटवर्क डॉप्लर मौसम रेडार (डीडब्ल्यूआर) और उपग्रह प्रेक्षणों का उपयोग करते हुए मेसोस्केल तथा सिनॉप्टिक स्केल संवहनी प्रणालियों की संरचना, विकास तथा गतिकी नामक परियोजना के अधीन काम करना चाहिए Should work under the Project titled "Structure, Evolution & Dynamics of Mesoscale & Synoptic Scale Convective Systems using network Doppler Weather Radar (DWR) and satellite observations in Space Physics Laboratory (SPL) |

**Note:**

1. उपरोक्त रिक्तियां वास्तविक आवश्यकता के आधार पर बदल सकती हैं।/The above vacancies may vary depending upon the actual requirement.
2. यदि केंद्र ऐसा निर्णय करता है तो किसी भी रिक्ति को न भरने का अधिकार वह रखता है। / The Centre reserves the right not to fill up any of the vacancies, if it so decides.

**HOW TO APPLY :**

आवेदन **केवल ऑन-लाइन प्राप्त किए जाएंगे और आगे की सभी सूचनाएं केवल ई-मेल/वीएसएससी वेबसाइट के माध्यम से आवेदकों को दी जाएंगी। इसलिए, आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे समय-समय पर अपना ई-मेल और वीएसएससी का वेबसाइट देखते रहें।** ऑन-लाइन आवेदन प्रस्तुत करने के लिए, **दिनांक *22.04.2024* को 1000 बजे से दिनांक *06.05.2024* को 1700 बजे तक** कृपया वीएसएससी के वेबसाइट **https://www.vssc.gov.in** पर जाएं। **नेशनल कैरियर सर्विस (एनसीएस) पोर्टल के अधीन पंजीकृत और पात्रता शर्तों को पूरा करनेवाले अभ्यर्थी इसरो का वेबसाइट पर जाएं और बताए गए अनुसार आवेदन प्रक्रिया का अनुसरण करें।**

Applications will be received ***on-line only and all further communications will be made to the applicants through e-mail/VSSC website only. Therefore, the applicants are advised to check their e-mail and visit the VSSC website from time to time***. For submission of online applications, please visit VSSC website **http://www.vssc.gov.in** **from *1000 hours on 22.04.2024 to 1700 hours on 06.05.2024 The candidates registered under National Career Service (NCS) portal and fulfilling the eligibility conditions may visit ISRO website and follow the application procedure as stated.***

***"सरकार एक ऐसे कार्यबल का प्रयास करती है जो लिंग संतुलन की अभिव्यक्ति करता है तथा महिला अभ्यर्थियों को आवेदन देने हेतु प्रोत्साहित किया जाता है।/Government strives to have a workforce which reflects gender balance and women candidates are encouraged to apply"***

## सामान्य शर्तें/अनुदेश/GENERAL CONDITIONS/INSTRUCTIONS

01. शोध वैज्ञानिक का पद 3 वर्ष के लिए पूर्णतया संविदागत आधार पर रहेगा तथा वे वार्षिक वेतन-वृद्धि के हकदार नहीं हैं।

    The position of Research Scientist will be purely on contract basis for a period of 3 years and are not entitled for annual increment.

02. परियोजना सहयोगी-I का पद प्रारंभ में एक वर्ष की अवधि के लिए है और कार्य की संतोषजनक प्रगति के अधीन हर वर्ष (केवल मार्च 2026 तक) नवीकरण किया जा सकता है।

    The position of Project Associate-I is initially for a period of one year and is renewable every year (upto March 2026 only) subject to satisfactory progress of work.

03. **आवेदन की अंतिम तिथि के अनुसार अपेक्षित योग्यता रखनेवाले ही आवेदन दें।**
    **THOSE WHO POSSESS THE REQUIRED QUALIFICATION AS ON THE LAST DATE OF APPLICATION ONLY NEED TO APPLY.**

04. **आयु सीमा** (दिनांक 06.05.2024 के अनुसार) और वेतन एवं भत्ते / **AGE LIMIT** (as on 06.05.2024) and Pay & allowances:

| पद सं. Position No. | पद का नाम Name of Position | आयु सीमा/Age Limit | | | | लगभग प्रतिमाह वेतन Approximate Salary per month |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अना. / UR | अ.पि.व. OBC | अनु.जा / अनु.ज.जा. SC / ST | ईडब्लयूएस EWS | |
| 01 | शोध वैज्ञानिक Research Scientist | 28 वर्ष/years | 28 वर्ष/years | 28 वर्ष/years | 28 वर्ष/years | रु./Rs. 95000/- |
| 02 | परियोजना सहयोगी-I Project Associate-I | 35 वर्ष/years | 38 वर्ष/years | 40 वर्ष/years | 35 वर्ष/years | रु./Rs. 37000/- |

सभी पदों के लिए न्यूनतम आयु दिनांक 06.05.2024 के अनुसार 18 वर्ष है। भारत सरकार के आदेशों के अनुसार भूतपूर्व सैनिक, प्रतिभाशाली खिलाड़ी और बेंचमार्क अशक्तता से युक्त व्यक्ति (पीडब्ल्यूडी) आयु में छूट के लिए पात्र हैं।
Minimum age is 18 years for all posts as on 06.05.2024.Ex-Servicemen, Meritorious Sportspersons & Persons with Benchmark Disabilities (PWBD) are eligible for age relaxation as per Government of India Orders.

05. वर्तमान में तैनाती का स्थान वीएसएससी, तिरुवनंतपुरम है, लेकिन चयनित अभ्यर्थी, जब कभी अपेक्षित हो, भारत में कहीं भी स्थित भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन/अंतरिक्ष विभाग के किसी भी यूनिट में तैनात किए जा सकते हैं।

At present the place of posting is VSSC, Thiruvananthapuram, but the selected candidates are liable to be posted in any of the Units of the Indian Space Research Organisation/Department of Space situated anywhere in India as and when required.

06. संगठन, स्टाफ (मात्र शोध वैज्ञानिक के लिए) को चिकित्सीय सुविधाएं (अंशदायी स्वास्थ्य सेवा योजना), निःशुल्क परिवहन सुविधाएं, सहायिकी-प्राप्त कैंटीन सुविधाएं, उपलब्धता के अधार पर आवास प्रदान करता है।

The Organisation provides medical facilities (Contributory Health Service Scheme) for self [for Research Scientist only], free transport facilities, subsidised canteen facilities and housing accommodation subject to availability,

07. जब कभी अपेक्षित हो, अभ्यर्थियों को उनके आवेदनों में ऑन-लाइन प्रस्तुत किए गए ब्यौरों का प्रमाण प्रस्तुत करना होगा।

Candidates will have to produce the proof of the details furnished in their applications submitted on-line as and when required.

08. **चयन प्रक्रिया/SELECTION PROCESS :**

**I. शोध वैज्ञानिक/Research Scientist :**

**a.** सभी वैध आवेदकों को लिखित परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा। लिखित परीक्षा का स्थान तिरुवनंतपुरम में ही होगा।

All valid applicants will be called for written test. The written test Centre will be in Thiruvananthapuram only.

**b.** लिखित परीक्षा के लिए प्रश्न पत्र नमूना/Question paper pattern for written test

**भाग 'ए'** (वस्तुनिष्ठ प्रकार) - क्षेत्र /विषय विशिष्ट भाग - 60 बहुविकल्पी प्रश्नों (एमसीक्यू) से युक्त होता है, जिनमें से प्रत्येक 1 अंक का है (+1 और -1/3 अंकन का पैटर्न) - 90 मिनट की अवधि

**Part 'A'** (Objective type) – Area/Discipline Specific part - Consists of 80 Multiple Choice Questions (MCQs) of 1 mark each (+1 and -1/3 pattern of marking) – 90 minutes duration.

**भाग 'बी'** (वस्तुनिष्ठ प्रकार) - अभिक्षमता/क्षमता परीक्षाएं - अधिकतम 15 बहुविकल्पी प्रश्नों (एमसीक्यू) से युक्त होती हैं जो कुल मिलाकर 20 अंकों के हैं (कोई नेगटिव अंक नहीं) - 30 मिनट की अवधि (प्रश्न संख्यात्मक विवेक बुद्धि, तार्किक विवेक बुद्धि, आरेखी विवेक बुद्धि, अमूर्त तर्क, निगमनात्मक तर्क पर आधारित होंगे।)

प्रश्न संख्यात्मक विवेकबुद्धि, तार्किक विवेकबुद्धि, आरेखी विवेकबुद्धि, भावात्मक विवेकबुद्धि और निगमनात्मक विवेकबुद्धि पर आधारित होंगे।

**Part 'B'** (Objective type) – Aptitude/Ability Tests – Consists of maximum 15 Multiple Choice Questions (MCQs) totaling to 20 marks (No negative marks) – 30 minutes duration [Questions will be based on Numerical Reasoning, Logical Reasoning, Diagrammatic Reasoning, Abstract Reasoning & Deductive Reasoning].

**c.** साक्षात्कार: लिखित परीक्षा में किए गए प्रदर्शन के आधार पर अभ्यर्थियों को 1:5 के अनुपात में साक्षात्कार हेतु लघुसूचीबद्ध किया जाएगा।

Interview: Based on performance in the written test, candidates will be short-listed for interview in the ratio of 1:5.

**d.** योग्यता-प्राप्ति मानदंड: लिखित परीक्षा – भाग 'ए' तथा 'बी' में प्रत्येक में 50%, साक्षात्कार – 50 अंक (100 में से), कुल अंक – 60%

Qualifying Criteria : Written test - 50% each in Part 'A' & 'B' , Interview - 50 marks (Out of 100), Aggregate marks – 60%

**e.** पैनल तैयार करने में वेयिटेज – अंतिम पैनल तैयार करने के लिए लिखित परीक्षा के अंकों को 50% और साक्षात्कार के अंकों को 50% वेयिटेज दिया जाएगा।

Weightage in Panel Generation - For generation of final panel, 50% weightage will be given to Written Test marks and 50% weightage to interview marks

लिखित परीक्षा के लिए बुलाए जानेवाले अभ्यर्थियों को प्रश्नों का उत्तर हिंदी में भी देने का विकल्प रहेगा। कृपया नोट करें कि ऊपर निर्धारित योग्यता न्यूनतम अपेक्षा है और उसका होना अभ्यर्थियों को स्वयमेव लिखित परीक्षा हेतु पात्र नहीं बनाता है।

Candidates called for Written Test will have the option to answer the questions in Hindi also. Please note that the qualification prescribed above is the minimum requirement and the same does not automatically make the candidates eligible for written test.

**II.** **परियोजना सहयोगी-I** : ऑन-लाइन आवेदन के आधार पर, साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थियों को लघुसूचीबद्ध करने के लिए स्क्रीनिंग/लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। यदि लिखित परीक्षा के लिए बुलाए जाते हैं तो अभ्यर्थियों को प्रश्नों का उत्तर हिंदी में भी देने का विकल्प रहेगा। यदि प्राथमिक स्क्रीनिंग के लिए लिखित परीक्षा को चुना जाता है तो उस लिखित परीक्षा का अंक अंतिम चयन प्रक्रिया पर प्रभाव नहीं डालेगा। अंतिम चयन साक्षात्कार में अभ्यर्थियों के प्रदर्शन पर ही आधारित रहेगा। कृपया नोट करें कि ऊपर निर्धारित योग्यता न्यूनतम अपेक्षा है और उसका होना अभ्यर्थियों को स्वयमेव लिखित परीक्षा/साक्षात्कार हेतु पात्र नहीं बनाता है।

**Project Associate-I :** Based on the online application, initial screening/written test will be conducted for shortlisting the candidates for interview. Candidates, if called for Written Test, will have the option to answer the questions in Hindi also. If written test is opted for preliminary screening, the written test score will not reflect in the final selection process. The final selection will be based on performance of candidates in the interview only. Please note that the qualification prescribed above is the minimum requirement and the same does not automatically make candidates eligible for written test/interview.

09. यदि केंद्र ऐसा निर्णय करता है तो किसी भी रिक्ति को न भरने का अधिकार वह रखता है। / The Centre reserves the right not to fill up any of the vacancies, if it so decides.

10. केवल भारतीय नागरिक आवेदन दें। / Only Indian Nationals need apply.

11. किसी भी प्रकार का अंतरिम पत्राचार स्वीकृत नहीं किया जाएगा। / No interim correspondence will be entertained.

12. किसी भी प्रकार का पक्षप्रचार अयोग्यता मानी जाएगी। / Canvassing in any form will be a disqualification.

13. केंद्रीय/राज्य सरकार, सर्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, स्वायत्त निकाय आदि के अधीन कार्यरत अभ्यर्थियों को अपना आवेदन उचित माध्यम से प्रस्तुत करना चाहिए या साक्षात्कार के समय 'अनापत्ति प्रमाणपत्र' प्रस्तुत करना चाहिए। /Candidates working under Central/State Government, Public Sector Undertakings, Autonomous bodies etc. should submit their application through proper channel or submit 'No objection certificate' at the time of interview.

**14. विदेशी विश्वविद्यालयों द्वारा दी गई उपाधियों से युक्त अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआइयू), नई दिल्ली द्वारा जारी किए गए तुल्यता प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना चाहिए।**

**Candidates possessing Degrees awarded by foreign universities should produce the equivalency certificate issued by Association of Indian Universities (AIU), New Delhi, at the time of interview.**

**15. संपूर्ण सूचना, फोटो, हस्ताक्षर आदि के बिना प्रस्तुत आवेदनों को सरसरी तौर पर अस्वीकृत किया जाएगा।**
**Applications submitted without complete information, photo, signature etc. will summarily be rejected.**

**आवेदन का प्रस्तुतीकरण/SUBMISSION OF APPLICATION :**

**सफल ऑन-लाइन पंजीकरण करने पर, आवेदकों को एक ऑन-लाइन पंजीकरण संख्या दी जाएगी, जिसे भावी संदर्भ हेतु सुरक्षित रखा जाना चाहिए। अभ्यर्थियों को यह भी सलाह दी जाती है कि वे भावी संदर्भ के लिए ऑन-लाइन आवेदन का प्रिन्टआउट ले लें।**
**Upon on-line registration, applicants will be provided with an on-line Registration Number, which should be carefully preserved for future reference. The candidates are also advised to take a printout of the online application for future reference.**
**आवेदकों को डाक से ऑन-लाइन आवेदन का प्रिन्टआउट, शैक्षणिक योग्यता, कार्यानुभव, आयु आदि के प्रमाण के रूप में प्रमाणपत्रों/अंकसूचियों की प्रतियां जैसे कोई दस्तावेज़ भेजने की आवश्यकता नहीं है।**
**The applicant need not send any documents by post such as print out of online application, copies of certificates/mark lists in proof of educational qualification, work experience, age etc.**

**नोट : अनुलिपि/बहु आवेदनों की प्रस्तुति की स्थिति में आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि से पहले प्रस्तुत किए गए अंतिम आवेदन पर आगे के प्रक्रमण हेतु विचार किया जाएगा।**
***Note : In case of submission of duplicate/multiple applications, the last application submitted before the last date of submission of application shall be considered for further processing.***

चेतावनी / ***WARNING:***

- दलालों व ठगों द्वारा या तो किसी पर प्रभाव डालकर या फिर अनुचित तथा अनैतिक तरीकों से वीएसएससी/इसरो में नौकरी दिलाने के झूठे वादों से सावधान रहें। वीएसएससी/इसरो, अपनी ओर से कार्रवाई के लिए कभी किसी एजेन्ट(टों) या कोचिंग सेंटर(रों) को नियुक्त नहीं करता। किन्हीं व्यक्तियों/अभिकरणों द्वारा किए जा रहे ऐसे दावों के विरुद्ध अभ्यर्थियों को चेतावनी दी जाती है। अभ्यर्थियों का चयन पूर्णतया योग्यता के आधार पर किया जाता है। अनैतिक तत्वों से सतर्क रहें और उनके जाल में न फसें।

  ***Beware of Touts and job racketeers trying to deceive by false promises of securing job in VSSC/ISRO either through influence or by use of unfair and unethical means. VSSC/ISRO never appoints any agent(s) or coaching center(s) for action on its behalf. Candidates are warned against any such claims being made by persons/agencies. Candidates are selected purely as per merit. Beware of unscrupulous elements and do not fall in their trap.***
- आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे केवल वीएसएससी/इसरो का सरकारी वेबसाइट देखें और अनैतिक तत्वों/दलालों द्वारा बनाए गए नकली वेबसाइटों और सोशल मीडिया सामग्री से सावधान रहें।

  ***Candidates are advised to visit only the official website of VSSC/ISRO and beware of FAKE websites and social media content put up by unscrupulous elements/touts.***

*********